PRINT

# नवोदय टाइम्स

| National News Paper | Edition : Haryana | Circulation: 135825 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 08.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) -- | क्रम सं. (Serial No.) |

## विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2025 में भारत ने बढ़ाया गौरव

नई दिल्ली,8 जुलाई (नवोदय टाइम्स):यूएसए के बर्मिंघम में 30 जून से 6 जुलाई तक चली विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल 2025 में सीआईएसएफ खिलाड़ियों ने 64 पदक जीते। भारत 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। आयोजन में इस वर्ष, 70 से अधिक देशों के 10 हजार से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। सीआईएसएफ टीम ने 6 स्पर्धाओं में भाग लिया और असाधारण प्रदर्शन किया। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और शानदार भावना, शक्ति और टीम वर्क दिखाया। उनकी सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर लाने में मदद की। सीआईएसएफ अधिकारियों ने अपने खिलाड़ियों की प्रशंसा की और उनके मनोबल को बढ़ाया।

